**NEWS CLIPPING:10.10.2022**

# AAJ SAMAJ

## विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने में जेसी बोस विवि का बेहतरीन प्रदर्शन जारी

# 400 से ज्यादा विद्यार्थियों को मिला रोजगार

आज समाज नेटवर्क

**फरीदाबाद।** विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद का बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। विश्वविद्यालय ने प्लेसमेंट अभियान में अब तक का उच्चतम पैकेज तथा कंपनियों की भागीदारी का नया रिकार्ड कायम किया है। वर्ष 2021-22 के दौरान विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट के लिए 450 से अधिक कंपनियों की भागीदारी रही, जिन्होंने 400 से ज्यादा विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान किया तथा वार्षिक उच्चतम पैकेज 60 लाख रुपये का रहा जोकि उबर टेक्नोलॉजीज द्वारा दिया गया। वर्ष 2022-23 में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों के लिए चलाये जा रहे कैंपस प्लेसमेंट अभियान में अब तक 110 विद्यार्थियों की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट हो चुकी है तथा उन्हें वार्षिक पैकेज न्यूनतम 4 लाख रुपये से अधिकतम 52 लाख रुपये तक ऑफर हुआ है। प्लेसमेंट में बेहतरीन प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट के क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। कुलपति ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए यह गौरव की बात होती है जब उस संस्थान के विद्यार्थियों की क्षमता और योग्यता को औद्योगिक क्षेत्र में पहचान एवं सराहना मिलती है।



रोजगार पाने वाले विद्यार्थी। आज समाज

विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की इस परम्परा को बरकरार रखा है। यह बेहद सुखद है कि विश्वविद्यालय में अंतिम परीक्षा परिणामों से पहले ही विद्यार्थियों का रोजगार सुनिश्चित हो जाता है। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र आज दुनिया भर में डाइकिन, अमेजॅन, सैमसंग जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ काम कर रहे हैं। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. संजीव कुमार ने कहा कि आईटी और कंप्यूटर के अलावा भी विश्वविद्यालय को इंजीनियरिंग के कोर क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है, जिसमें मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग भी शामिल हैं। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां कैंपस से फ्रेशर्स की नियुक्ति कर रही हैं। अमेजॅन, सैमसंग आरएंडडी और एडोब कुछ ऐसी प्रमुख कंपनियां हैं जो प्रतिवर्ष प्लेसमेंट के लिए आ रहे है। आकर्षक सैलरी पैकेज के कारण अमेजॅन और सैमसंग आरएंडडी में विद्यार्थियों की पसंद सबसे ज्यादा रहती है।

इस वर्ष एडोब द्वारा 40 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज की पेशकश की गई है जबकि अमेजॅन लगातार 29 लाख रुपये से अधिक का वार्षिक पैकेज की पेशकश कर रहा है। सैमसंग आरएंडडी में विद्यार्थियों को 10 से 14 लाख रुपये के बीच पैकेज मिल रहे है। इसके साथ-साथ सैमसंग आरएंडडी की दिल्ली और नोएडा स्थित इकाइयां प्लेसमेंट में हिस्सा ले रही है। मौजूदा सत्र में भारतीय फिनटेक कंपनी क्रेड ने एक छात्र को 52 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज ऑफर किया है। इस प्रकार, विश्वविद्यालय अब सैमसंग आर एंड डी, अमेजॅन, एडोब सिस्टम, डाइकिन, मारुति, एचसीएल और टीसीएस जैसे प्रमुख नियोक्ताओं के लिए प्लेंटमेंट के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है।

डिप्टी ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. ज्योति वर्मा ने कहा कि एडोब और अमेजॅन जैसी प्रमुख कंपनियों द्वारा नियुक्ति में विविधता लाने की योजनाओं से छात्राओं में एक नया विश्वास जगाया है। ये कंपनियां आमतौर पर छात्रों को समर इंटर्नशिप के लिए नियुक्त करती हैं और उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हें प्री-प्लेसमेंट ऑफर में बदल देती हैं। इसके अलावा, प्लेसमेंट की दर में सुधार के लिए रोजगार और प्रशिक्षण कार्यालय द्वारा सॉफ्ट स्किल वर्कशॉप, तकनीकी सत्र और मूल्यांकन परीक्षण जैसे आयोजन लगातार किए जाते हैं।

**NEWS CLIPPING:10.10.2022**

# PIONEER

# रोजगार दिलाने में जेसी बोस का रहा शानदार प्रदर्शन

## विश्वविद्यालय ने दर्ज किया 60 लाख रुपये का उच्चतम प्लेसमेंट पैकेज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विद्यार्थियों** को रोजगार दिलाने में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद का बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। विवि ने प्लेसमेंट अभियान में अब तक का उच्चतम पैकेज तथा कंपनियों की भागीदारी का नया रिकार्ड कायम किया है। वर्ष 2021-22 के दौरान विवि में प्लेसमेंट के लिए 450 से अधिक कंपनियों की भागीदारी रही, जिन्होंने 400 से ज्यादा विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान किया। वार्षिक उच्चतम पैकेज 60 लाख रुपये का रहा जोकि उबर टेक्नोलॉजीज द्वारा दिया गया।



कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर के साथ रोजगार पाने वाले विद्यार्थी।

वर्ष 2022-23 में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों के लिए चलाये जा रहे कैंपस प्लेसमेंट अभियान में अब तक 110 विद्यार्थियों की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में प्लेसमेंट हो चुकी है तथा उन्हें वार्षिक पैकेज न्यूनतम 4 लाख रुपये से अधिकतम 52 लाख रुपये तक ऑफर हुआ है।

प्लेसमेंट में बेहतरीन प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि विवि के विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट के क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। कुलपति ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए यह गौरव की बात होती है। जब उस संस्थान के विद्यार्थियों की क्षमता और योग्यता को औद्योगिक क्षेत्र में पहचान एवं सराहना मिलती है। विद्यार्थियों ने विवि की इस परम्परा को बरकरार रखा है। यह बेहद सुखद है कि विश्वविद्यालय में अंतिम परीक्षा परिणामों से पहले ही विद्यार्थियों का रोजगार सुनिश्चित हो जाता है। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र आज दुनिया भर में डाइकिन, अमेजॅन, सैमसंग जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने भी अपनी स्थापना से अब तक निरंतर विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्लेसमेंट के लिए विश्वविद्यालय हमेशा से शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियों की पसंद रहा है।

**NEWS CLIPPING:10.10.2022**

# AMAR UJALA

# जेसी बोस विवि में 110 विद्यार्थियों को नौकरी मिली

फरीदाबाद। विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (विवि) ने शानदार प्रदर्शन किया है। विवि में उच्चतम पैकेज और कंपनियों की भागीदारी का नया रिकार्ड बना है।

वर्ष 2021-22 के दौरान विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट के लिए 450 से अधिक कंपनियों की भागीदारी रही। इसमें 400 से ज्यादा को रोजगार देने का दावा विवि प्रबंधन की ओर से किया गया। इसमें उच्चतम वार्षिक पैकेज 60 लाख रुपये का रहा। यह ऑफर उबर टेक्नोलॉजीज ने योग्य छात्रों को दिया। वर्ष 2022-23 में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों के लिए चलाए जा रहे कैंपस प्लेसमेंट अभियान में अब तक 110 विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी मिली है। इसमें वार्षिक पैकेज न्यूनतम चार लाख रुपये से अधिकतम 52 लाख रुपये तक रहा। ब्यूरो

## 60 लाख रुपये सालाना का उच्चतम पैकेज भी मिला

**NEWS CLIPPING:10.10.2022**

# NAVBHARAT TIMES

# 400 से अधिक छात्रों को मिली नौकरी

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के प्लेसमेंट सेल ने 2021-22 के दौरान 400 से अधिक छात्रों को रोजगार दिलाया। इस दौरान एक छात्र को 60 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज पर भी नौकरी मिली है। 450 से अधिक कंपनियों से भागीदारी की। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर सुशील कुमार ने कहा कि यूनिवर्सिटी ने प्लेसमेंट के क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए यह गौरव की बात होती है।

**NEWS CLIPPING:10.10.2022**

# HINDUSTAN

## जेसी बोस के छात्र को 60 लाख रुपये का पैकेज मिला

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने प्लेसमेंट अभियान में नया रिकार्ड कायम किया है। वर्ष 2021-22 के दौरान विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट के लिए 450 से अधिक कंपनियों की भागीदारी रही, जिन्होंने 400 से ज्यादा विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान किया। वार्षिक उच्चतम पैकेज 60 लाख रुपये का रहा।

कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट के क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। कुलपति ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान के लिए यह गौरव की बात होती है जब उस संस्थान के विद्यार्थियों की क्षमता और योग्यता को औद्योगिक क्षेत्र में पहचान एवं सराहना मिलती है। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की इस परम्परा को बरकरार रखा है। यह बेहद सुखद है कि विश्वविद्यालय में अंतिम परीक्षा परिणामों से पहले ही विद्यार्थियों का रोजगार सुनिश्चित हो जाता है। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र आज दुनिया भर में डाइकिन, अमेजॅन, सैमसंग जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ काम कर रहे हैं। इससे छात्रों को मेहनत सबसे ज्यादा रही है।